BHADOHI POLICE

प्रेस-नोट

सराहनीय कार्य, जनपद भदोही **दिनांक-22.03.2025**

◆श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल निर्देशन में साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा नकली ट्रेडिंग ऐप द्वारा साइबर फ्रॉड के शिकार पीड़ित के बैंक खाते में कुल-₹1,37,648/- धनराशि कराया गया वापस ।

◆साइबर फ्रॉड के संबंध में थाना ज्ञानपुर पर पंजीकृत अभियोग का सफल अनावरण

◆स्थानान्तरित धनराशि अपने बैंक खाते में पाकर पीड़ित द्वारा किया गया भदोही पुलिस का हृदय से धन्यवाद ।

जनपद में हो रहे साइबर अपराध की रोकथाम हेतु अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा साइबर क्राइम पुलिस थाना को किसी पीड़ित व्यक्ति के साथ हुए धोखाधड़ी या सोशल साइट के दुरुपयोग पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त के क्रम में आवेदक आदर्श मौर्या पुत्र जैनेन्द्र कुमार मौर्या निवासी उधँवा माफी पो0 असनाव बाजार थाना ज्ञानपुर जनपद भदोही के साथ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा नकली ट्रेडिंग ऐप के माध्यम से ₹2,75,508/- फ्रॉड करने के संबंध में मु0अ0सं0 55/2024 धारा 420 भ0द0वि0 व 66डी आईटी एक्ट दिनांक 17.05.2024 थाना ज्ञानपुर पर पंजीकृत किया गया था। उक्त पंजीकृत अभियोग की विवेचना कर त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना श्री बृजेश सिंह, हे0का0 गोवर्धन कुशवाहा द्वारा कुल ₹1,37,648/- (एक लाख सैंतीस हजार छ:सौ अड़तालीस रुपए) की धनराशि को पीड़ित के खाते में वापस कराया गया शेष धनराशि को वापस कराये जाने की अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। पीड़ित द्वारा अपने खाते से गयी धनराशि को वापस पाकर पुलिस अधीक्षक भदोही व साइबर क्राइम पुलिस थाना टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भदोही पुलिस की भूरि- भूरि प्रशंसा की गयी।

नकली ट्रेडिंग ऐप से बचने के लिए सावधानिया-

1.ऐप की सत्यता जांचें: हमेशा ऐप को डाउनलोड करने से पहले उसकी वैधता चेक करें। ऑफिशियल ऐप स्टोर (जैसे Google Play Store या Apple App Store) से ही डाउनलोड करें। अगर कोई लिंक या थर्ड-पार्टी साइट से डाउनलोड करने को कहे, तो ना करें।

2.कंपनी की जानकारी चेक करें: ट्रेडिंग ऐप अगर वैध है, तो उसकी कंपनी का नाम, पता, और रजिस्ट्रेशन डिटेल्स (जैसे SEBI रजिस्ट्रेशन भारत में) आसानी से मिल जाती है। वेबसाइट या ऐप में "About Us" सेक्शन देखें।

3.लालच से बचें: अगर कोई ऐप "100% गारंटी रिटर्न" या "रातोंरात अमीर बनो" जैसे वादे कर रहा है, तो समझ लें ये फर्जी है। ट्रेडिंग में रिस्क होता है,कोई भी वैध प्लेटफॉर्म ऐसे दावे नहीं करता।

साइबर फ्रॉड होते ही तत्काल 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करें।

साइबर क्राइम पुलिस टीम भदोही

1.निरी0 श्री बृजेश सिंह क्राइम पुलिस थाना जनपद भदोही।

2.हे0का0 गोवर्धन कुशवाहा साइबर क्राइम पुलिस थाना।